हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 सितंबर 2025

11 सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप...



12 नांगल चौधरी के 40 गांवों में रोजाना 3.5 लाख की...



## सपनों पर जलभराव की मार, 15 दिन से खिलाड़ी स्टेडियम में नहीं कर पा रहे है अभ्यास, खेल विभाग मौन

- खेल स्टेडियम चल रही है आॅचरी व जूडो की नर्सरी, फुटबॉल का भी स्टेडियम में कराया जाता है अभ्यास
- 15 दिन बीत जाने के बाद भी खेल विभाग नहीं निकाल पाया बारिश के पानी का समाधान
- खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन से की जलभराव का स्थाई समाधान निकालने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले का एकमात्र सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम इन दिनों तालाब में तब्दील है। पिछले 15 दिन से यहां बारिश का पानी जमा है। हालात ऐसे हैं कि न तो खिलाड़ी अभ्यास कर पा रहे हैं और न ही आमजन व्यायाम करने पहुंच पा रहे हैं। यह स्थिति न केवल खिलाड़ियों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही है, बल्कि उनके भविष्य पर भी खतरे की घंटी बजा रही है।

बता दें कि शहर के स्टेडियम में आॅचरी व जूडो की नर्सरी चल रही है। इसके अलावा स्टेडियम में खिलाड़ी फुटबॉल का भी अभ्यास करते है। प्रतिदिन स्टेडियम में सैकड़ों की संख्या में बच्चों के अलावा शहर के लोग सुबह-शाम घुमने के लिए आते है, लेकिन स्टेडियम जलभराव के चलते खिलाड़ियों का अभ्यास पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

नियमित अभ्यास न होने से उनका भविष्य दांव पर लग रहा है। खासकर उन बच्चों की तैयारी प्रभावित हो रही है, जो आने वाले महीनों में प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले हैं।

खिलाड़ियों का कहना है कि जिले का एकमात्र स्टेडियम ही इस तरह बदहाल रहेगा, तो यहां के खिलाड़ी कभी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान नहीं बना पाएंगे। खेल प्रतिभाओं को अवसर और सुविधाएं देने की जगह अगर उन्हें इस तरह की समस्याएं झेलनी पड़ी, तो उनकी मेहनत और हौसला दोनों पर पानी फिर सकता है।



नारनौल। स्टेडियम में जमा बारिश का पानी। फोटो : हरिभूमि

### आमजन को भी हो रही परेशानी

सिर्फ खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि सुबह-शाम सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी टहलने और योगाभ्यास के लिए स्टेडियम पहुंचते हैं। जलभराव की वजह से उन्हें खुले मैदान में घूमने का मौका नहीं मिल पा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना गंदे पानी से उठ रही दुर्गंध के कारण यहां आना मुश्किल हो गया है। यह समस्या नई नहीं है। हर बरसात में यही हालात बनते हैं, लेकिन खेल विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। ड्रेनेज सिस्टम न होने के कारण मैदान तालाब में बदल जाता है और पानी हफ्तों तक जमा रहता है।

### नगर परिषद को लिखा हुआ पत्र

जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू का कहना है कि आसपास की कॉलोनियों का पानी स्टेडियम में भर जाता है। स्टेडियम के समीप से एक नाला निकल रहा है। इससे स्टेडियम के पानी की निकासी होती है। इस बार समय पर नाले की सफाई नहीं हुई। जिससे स्टेडियम में पानी खड़ा हुआ। नाले की सफाई को लेकर नगर परिषद को पत्र लिखा गया था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। फिर से नगर परिषद को पत्र लिखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री आज अटेली क्षेत्र में जनसभा करेंगी

**नारनौल।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव 15 सितंबर को राजकीय प्राथमिक विद्यालय अटेली नांगल के नजदीक शहीद हवलदार शीशराम की प्रतिमा का अनावरण करेंगी। इसके बाद गांव गनियार व बजाड़ में जनसभा करेंगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव 15 सितंबर को सुबह 9:30 बजे राजकीय प्राथमिक विद्यालय अटेली नांगल के नजदीक शहीद हवलदार शीशराम की प्रतिमा का अनावरण करेंगी। इसके बाद लगभग 10:30 बजे गांव गनियार तथा 11 बजे बजाड़ में जनसभा को संबोधित करेंगी।

### अग्रसेन जयंती के अवसर पर कार्यक्रम 19 को

**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज जिला इकाई की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर समाज व शिक्षा जगत को समर्पित भव्य कार्यक्रम का आयोजन 19 सितंबर को किया जाएगा। समाज के जिलाध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की प्रेरणा से अग्रवाल वैश्य समाज की ओर से 19 सितम्बर को राजकीय प्राइमरी विद्यालय पुलिस लाइन के सामने निःशुल्क जूते, जुराब, स्टेशनरी व खाद्य सामग्री का वितरण किया जाएगा।

### आईटीआई में दाखिलों की तिथि हुई 30 सितंबर

**महेंद्रगढ़।** आईटीआई में दाखिले लेने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में रिक्त सीटों के प्रति आन द स्पॉट एडमिशन प्रतिदिन संस्थान स्तर पर किया जाएगा। साथ ही नए आवेदन भी दाखिला पोर्टल पर दर्ज करा सकते है। इस संबंध में एमडीएस औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जाटवास के निदेशक गोपाल शर्मा एडवोकेट ने बताया यह दाखिला नए एवं पुराने आवेदनों की संयुक्त मैरिट के आधार पर किया जाएगा।

### झाड़ियों के अंबार से विद्यार्थियों की सुरक्षा को खतरा

# राजकीय महाविद्यालय सिहमा की नई बिल्डिंग डेढ़ साल बाद भी अधूरी, खेल गतिविधियों पर ग्रहण

- महाविद्यालय में खेल मैदान से मिट्टी उठाने से खेल गतिविधियों पर लगा ग्रहण

नीरज कुमार ▶▶| मंडी अटेली

करीब 26 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से बने महंत बाबा खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा की नई बिल्डिंग को शिफ्ट हुए डेढ़ वर्ष से ज्यादा का समय हो चुका है, लेकिन आज भी कॉलेज भवन अधूरे काम व मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। वहीं महाविद्यालय के खेल मैदान से ठेकेदार की ओर से मिट्टी उठाने के के बाद समस्याएं ओर भी बढ़ गई है।

बता दें कि वर्ष 2015 में सरकार की स्वीकृति के बाद लंबी देरी से शुरू हुए निर्माण कार्य का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सात मार्च 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया था। इस भवन में तीन ब्लॉक की बिल्डिंग में लैब के साथ अन्य ब्लॉक भी जरूरत के अनुसार बनाए गए है। निर्माण के दौरान ठेकेदार की ओर से खेल मैदान से तीन से चार फुट तक मिट्टी उठाकर बिल्डिंग में प्रयोग कर ली गई।

इससे मैदान गड्ढों में तब्दील हो गया है तथा बरसात के मौसम में खेल मैदान में जलभराव की समस्या रहने लगी। मैदान में न केवल जलभराव रहता है, बल्कि पेड़ों की जड़ें भी उखड़ने लगी हैं। इससे हरियाली को नुकसान पहुंच रहा है और सबसे बड़ी बात यह कि कॉलेज शिफ्ट होने के बाद से अब तक कोई खेल गतिविधि नहीं हो पाई है।





मंडी अटेली। महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय के नये भवन के खेल मैदान में ठेकेदार उठाई गई मिट्टी व महाविद्यालय में पार्किंग टीनशेड के ऊपर अभी तक नहीं लगी चद्दरें। फोटो : हरिभूमि




### अधूरी सुविधाएं व अव्यवस्था

भवन में तीन ब्लॉक व लैब तो बने हैं, लेकिन सोलर प्लांट, सीवरेज सिस्टम, वाटर हार्वेस्टिंग, लाइब्रेरी का फर्नीचर, वाटर सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। पार्किंग के लिए बनाए गए शेड पर अभी तक लोहे की चद्दरें तक नहीं लगाई गई, जिससे वह जंग खाकर खराब होने लगे हैं। महाविद्यालय परिसर के चारों तरफ झाड़ियां और खरपतवार उग आई हैं। जहां से आए दिन जहरीले जीव निकलते रहते हैं। इससे छात्रों व शिक्षकों को खतरा बना रहता है। मानसून के बाद नई बिल्डिंग की दीवारों में नमी और पानी रिसने से कमजोर होने का भी खतरा मंडरा रहा है।

### समाधान शिविर से लेकर विधायक तक करवा चके है अवगत

सरपंच सुमन देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत सिहमा ने भी इस मामले को कई बार उठाया है। 29 जनवरी को समाधान शिविर में भी यह समस्या जिला उपायुक्त के सामने रखी गई थी। तत्कालीन उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को कार्य पूर्ण करने के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। मामले की जानकारी स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव को भी दी गई है, लेकिन ठोस कदम अभी तक नहीं उठाए गए।

### प्राचार्य व पंचायत कर रहे लगातार प्रयास

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार का कहना है कि वह करीब डेढ़ दर्जन पत्र विभाग को भेज चुके हैं। अगस्त माह में विभाग ने अधूरे काम की लिस्ट मांगी। जिस पर उन्होंने दूसरा रिमाइंडर विभाग को भेज दिया है। अभी भी महाविद्यालय में कार्य पेंडिंग है। मिट्टी का मामला सबसे बड़ा है, क्योंकि मिट्टी खेल ग्राउंड में डाली जाएगी तभी खेल मैदान ठीक हो पाएगा।

### खेल मैदान में डाली जा चुकी है मिट्टी

पुलिस हाउस कॉर्पोरेशन के एसडीओ महावीर सैनी का कहना है कि मैदान में मिट्टी डाली जा चुकी है, केवल लेवलिंग का काम बरसात के कारण रुका हुआ है। मिट्टी को लेवल करने के बाद महाविद्यालय का खेल ग्राउंड शुरू हो जाएगा। महाविद्यालय के पास अभी स्टाफ नहीं है। जब हमने महाविद्यालय को हैंडओवर किया था। बिल्कुल नियमों के अनुसार साफ-सुथरा दिया था। उसके बाद महाविद्यालय का कार्य कॉलेज स्टॉफ को करना है। महाविद्यालय में स्टाफ की कमी है, यह उनका पार्ट है।

## होटल में चल रहा था देह व्यापार, मालिक पर केस दर्ज

- गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मारी रेड, एक ग्राहक से होटल संचालक लेता था हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर थाना पुलिस ने सुभाष पार्क के समीप होटल में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। पुलिस को होटल में दो जोड़े आपत्तिजनक हालात में मिले। पुलिस ने होटल मालिक व मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर थाना पुलिस ने रविवार को सुभाष पार्क के पास स्थित एक होटल में छापा मारकर अवैध धंधा करते हुए दो महिलाओं व दो पुरुषों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। पुलिस ने होटल मैनेजर को भी काबू कर लिया है। पूछताछ में मैनेजर ने कबूल किया कि वह यह धंधा होटल मालिक के कहने पर चलाता था।

शहर थाना शहर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुभाष पार्क के पास स्थित होटल में अनैतिक कार्य कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, एएसआई जयभगवान, एएसआई प्रीतम व सिपाही रवि की टीम मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान कमरा नंबर 104 व 204 में दो महिलाएं व दो पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले। पुलिस ने तुरंत चारों को काबू कर थाना लाकर पूछताछ शुरू की। इसके बाद पुलिस ने होटल के रिसेप्शन पर मौजूद होटल के मैनेजर से पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि वह होटल का मैनेजर है। मैनेजर ने स्वीकार किया कि ग्राहकों से 1000 रुपये वसूले जाते थे। इसमें से 500 रुपये महिला को दिए जाते थे और 500 रुपये होटल मालिक व उसके होते है। मैनेजर ने यह भी कबूल किया कि आज भी उसने होटल मालिक के कहने पर ही ग्राहकों व महिलाओं को बुलाया था।

## मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन राज्यस्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड से सम्मानित

**नारनौल।** मौसम विशेषज्ञ एवं राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. चंद्र मोहन को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया। इनको यह अवार्ड शिक्षण के साथ सामाजिक शैक्षणिक व पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यों साथ पिछले 10 वर्षों से हरियाणा एनसीआर दिल्ली विशेषकर जिला महेंद्रगढ़ के लिए मौसम, वायु प्रदुषण, भूकंप व आपदाओं से सम्बंधित सटीक भविष्यवाणी, अतिआधुनिक तकनीकों के माध्यम से शिक्षण के साथ अवैतनिक रूप और बिना किसी सरकार के अनुदान के आमजन, व्यापारियों विशेषकर किसानों को समर्पित समाजसेवा के लिए दिया गया।




नारनौल। डॉ. चंद्र मोहन को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भारतीय शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देगी शिक्षा नीतिः कुलपति

- हकेंवि में 26वां एनईपी 2020 अभिविन्यास व संवेदीकरण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मदन मोहन मालवीय टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) द्वारा 26वां राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 अभिविन्यास एवं संवेदीकरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दस दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन जेईसीआरसी विश्वविद्यालय जयपुर के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य अतिथि हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाली दूरदर्शी नीति है। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के समग्र विकास, कौशल संवर्धन और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मील का पत्थर बताया। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे इस शिक्षा नीति को व्यवहार में लाने हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ, ताकि शिक्षा व्यवस्था अधिक सशक्त और प्रभावी बन सके।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ हकेंवि में एमएमटीटीसी निदेशक एवं शिक्षक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार के स्वागत भाषण के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि इस दस दिवसीय आयोजन के दौरान विशेषज्ञ राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सम्मिलित पाठ्यचर्या रूपांतरण, शिक्षण पद्धति सुधार, कौशल विकास, अनुसंधान और वैश्विक अवसर जैसे विविध आयामों पर विस्तार से विचार-विमर्श करेंगे। एमएमटीटीसी की उपनिदेशक प्रो. तनु गुप्ता ने मुख्य अतिथि का परिचय प्रतिभागियो से कराया।

इसके बाद जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. निधि बंसल ने विशिष्ट अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रो. विक्टर गम्भीर ने कहा कि एनईपी 2020 शिक्षा को शोध, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। यह नीति विद्यार्थियों को केवल रोजगार पाने तक सीमित नहीं करेगी बल्कि उन्हें रोजगार सृजनकर्ता के रूप में भी तैयार करेगी।उद्घाटन सत्र के अंत में हकेंवि के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### वरिष्ठ संगठन ने बैठक में उठाई शहर की विभिन्न समस्याएं

## वरिष्ठ नागरिकों ने उठाई चोरियों पर अंकुश लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में स्थित वरिष्ठ नागरिक संगठन कार्यालय में संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिवलाल वर्मा, धर्मचन्द छाबड़ा, ओपी बत्रा, सोहनलाल चौहान, भानीसहाय माण्डया व चौधरी दलीप सिंह को उनके जन्मदिन के लिए पटका पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनकी स्वस्थ रहते व दीर्घायु होने की कामना की गई। सोहनलाल चौहान ने बताया कि शहर में लगातार चोरी की घटना हो रही है। उन्होंने एसपी से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की।

बनवारी लाल सैनी ने जिला नागरिक अस्पताल में दिल में छल्ले डालने की व्यवस्था कराने, महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास में भी सभी प्रकार बीमारियों का इलाज शुरू कराने की मांग की। शिवलाल वर्मा ने बताया कि रेवाड़ी रोड पर टाइलों की सड़क को दुकानदारों ने तोड़ दिया है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।



नारनौल। बैठक में भाग लेते वरिष्ठ नागरिक। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि हुडा के खाली प्लाटों में पानी भरा हुआ है। पानी की निकासी का कार्य हुडा प्राधिकरण का बनता है, क्योंकि वे खाली प्लाट पर चार्जेज लेते हैं।

उन्होंने जल्द जलभराव की समस्या का समाधान करने की मांग की। ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि सुभाष पार्क मे सफाई नहीं हो रही। वहीं घास काटी गई है, उसका भी काफी दिनों से उठान नहीं हो रहा है। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों से पार्क की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। सेवानिवृत्त प्राचार्य जयप्रकाश कौशिक ने हिन्दी दिवस की बधाई देते कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। हिन्दी हमारी गौरवपूर्ण संस्कृति का स्वरूप है। आज हमें हिन्दी भाषा को अपने जीवन में उतारना चाहिए। हिन्दी भारत मां के माथे की बिन्दी है। उन्होंने हिन्दी भाषा पर एक सुन्दर कविता का पाठ भी किया। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के राज्य प्रेस सचिव धर्मपाल शर्मा ने हिन्दी के प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि हमें शादी विवाह आदि के निमंत्रण पत्र हिन्दी में ही छपवाने चाहिए तथा अपने हस्ताक्षर हिन्दी में ही करने चाहिए।

### यह रहे मौजूद

बैठक का संचालन संगठन के महासचिव मुखराम सैनी ने किया। इस मौके पर शिवलाल वर्मा, धर्मचन्द छाबड़ा, ओपी बत्रा, सोहनलाल चौहान, भानीसहाय, दलीप सिंह, धर्मपाल शर्मा, मुखराम सैनी, अजीत जैन, विजय सिंह यादव, शिवहरी अग्रवाल, एसएल चौहान, शिवलाल वर्मा, बाबूलाल गोयल, उमादत्त शर्मा, रविन्द्र कुमार, भागीरथ प्रसाद, रामबिलास यादव, बीएल सैनी, सत्यबीर सिंह, गणपत राम सैनी, बद्रीप्रसाद गर्ग, रामजीलाल मित्तल, राजकुमार कुमार, नरेंद्र कुमार, श्याम सुंदर शर्मा, जसवंत सिंह यादव, चेतन स्वरूप शर्मा, रामनिवास सैनी, प्रताप सिंह, प्रेमचंद जैन, महेंद्र कुमार वर्मा, दलीप सिंह, रोहतास सिंह लाम्बा, जयप्रकाश कौशिक, हरिसिंह यादव, कृष्ण अवतार व उत्तमसिंह यादव आदि उपस्थित रहे।



## मंदिर दो और मूर्ति एक

झज्जर जिले के बेरी कस्बा में दो मंदिर हैं और इनमें रखी जाने वाली माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति एक ही है। बताते हैं कि प्रारंभ में इस जगह पर घना जंगल था। इसमें ऋषि दुर्वासा रह रहे थे। ऋषि दुर्वासा रोजाना सुबह माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति को बाहरी मंदिर में लाते और दोपहर बाद मूर्ति को भीतरी मंदिर में रख देते थे। मूर्ति को आंतरिक मंदिर से बाहरी मंदिर तक ले जाने की यह प्रक्रिया अभी भी धार्मिक रूप से पालन की जा रही है।

हरिभूमि
रोहतक, सोमवार, 15 सितंबर 2025


# जहाज कोठी, जो बन गई इतिहास का आईना

*समुद्री जहाज़ जैसी आकृति के कारण इसे जहाज कोठी नाम मिला। आज यह क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है, जहां सिंधु-सरस्वती सभ्यता से लेकर मध्यकालीन मूर्तियों और स्थापत्य अवशेषों तक 193 दुर्लभ कलाकृतियां संरक्षित हैं।*



धरोहर

डॉ. प्रियंका सौरभ



*हिसार का फ़िरोज़ शाह पैलेस परिसर अपने आप में इतिहास का खज़ाना है। इसी परिसर में स्थित जहाज कोठी अपनी अनोखी बनावट और रोमांचक अतीत के कारण विशेष महत्व रखती है। 18वीं शताब्दी का यह जैन मंदिर बाद में विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बना।*



हरियाणा के हिसार शहर का नाम सुनते ही सबसे पहले फ़िरोज़ शाह तुग़लक़ के महल, गुजरी महल, लोहारी गेट और बरसी गेट जैसे स्मारक सामने आते हैं। इन्हीं ऐतिहासिक इमारतों के बीच एक ऐसी कोठी भी खड़ी है, जिसका आकार समुद्र में तैरते जहाज़ जैसा प्रतीत होता है। यही है जहाज कोठी – जो कभी 18वीं शताब्दी का जैन मंदिर थी, फिर विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बनी और आज क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है। यह स्मारक न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अद्वितीय है, बल्कि भारत के उस दौर का भी गवाह है जब मराठा, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक सत्ता के लिए संघर्षरत थे। जहाज कोठी का मूल स्वरूप एक जैन मंदिर था।

इतिहासकार मानते हैं कि 18वीं शताब्दी से पहले यहां जैन धर्मावलंबियों ने अपना मंदिर बनवाया था। समय के साथ यह इमारत वीरान होती गई और 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इसे जॉर्ज थॉमस ने अपने निवास में बदल दिया। इमारत की डिज़ाइन इतनी अनोखी है कि देखने पर यह समुद्र में तैरते जहाज़ जैसी लगती है। इसी विशेषता के कारण स्थानीय लोगों ने इसे जहाज कोठी नाम दे दिया। जॉर्ज थॉमस का जीवन किसी उपन्यास से कम रोमांचक नहीं था। उनका जन्म 1756 में आयरलैंड के रोस्क्रिया क्षेत्र में हुआ। पिता गरीब किसान थे जिनका जल्दी निधन हो गया। बाल्यावस्था में उन्होंने डबलिन के गोदीघाट पर मजदूरी की। 1781 में वे ब्रिटिश नौसेना से जुड़कर भारत आए, लेकिन कुछ ही सालों में उन्होंने नौसेना छोड़ दी और एक भाड़े के सैनिक के रूप में उत्तर भारत की राजनीति में उतर आए। शुरुआत में वे पिंडारियों से जुड़े, फिर बेगम समरू की सेना में काम किया। वहां से हटाए जाने के बाद मराठा सरदार अप्पा राव के अधीन कार्य किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी अलग शक्ति तैयार की और सिरसा से रोहतक तक फैले क्षेत्र पर अपना शासन स्थापित कर लिया। हांसी को उन्होंने अपनी राजधानी बनाया और यहां तक कि अपने सिक्के भी ढलवाए। 1796 में उन्होंने जहाज कोठी को अपनी रिहायश के लिए बनवाया और इसे अपनी महत्वाकांक्षा और शक्ति का प्रतीक बनाया। लेकिन उनका शासन अधिक समय तक नहीं चल सका। 1801 में मराठा-सिख-फ्रांसीसी गठबंधन ने उन्हें हराया और 1802 में गंगा नदी पार करते हुए उनकी मृत्यु हो गई। जॉर्ज थॉमस के बाद जहाज कोठी पर कर्नल जेम्स स्किनर का अधिकार हुआ। जेम्स स्किनर एंग्लो-इंडियन थे, जिनकी मां भारतीय और पिता स्कॉटिश अधिकारी थे। उन्हें "सिकंदर साहिब" के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने ब्रिटिश सेना के लिए दो घुड़सवार रेजिमेंट खड़ी कीं – जिन्हें आज भी स्किनर्स हॉर्स के नाम से भारतीय सेना में जाना जाता है। उन्होंने भी जहाज कोठी को अपने निवास के रूप में इस्तेमाल किया। उनके जीवन से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि दिल्ली में स्थित प्रसिद्ध सेंट जेम्स चर्च (जिसे स्किनर ने बनवाया था) उनकी आस्था और शक्ति का प्रतीक है। जहाज कोठी को देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई विशाल समुद्री जहाज़ ज़मीन पर खड़ा हो। इसका निर्माण जली हुई ईंटों, चूने, रेत और सुर्खी से हुआ है। सुर्खी जली हुई ईंटों या मिट्टी को पीसकर बनाई जाती है, जो गारे को मजबूती और टिकाऊपन देती है। इसकी ऊंची बालकनी से जब लोग पानी और नक्शे को देखते तो ऐसा प्रतीत होता मानो जहाज़ में बैठे हों। यह इमारत फ़िरोज़ शाह महल परिसर के भीतर स्थित है और कभी ठंडी सड़क से सीधे यहां पहुंचा जाता था। आज भले ही शहरीकरण के कारण इसका दृश्य बाधित हो गया हो, लेकिन इसके स्थापत्य को देखकर आज भी उस दौर की इंजीनियरिंग और सौंदर्यबोध का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। 2009 में हरियाणा सरकार ने इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया और बाद में यहां क्षेत्रीय पुरातात्विक संग्रहालय स्थापित कर दिया गया। इस संग्रहालय में लगभग 193 कलाकृतियां सुरक्षित हैं। इनमें सिंधु-सरस्वती सभ्यता से जुड़ी वस्तुएं, राखीगढ़ी, कुणाल और बनावली से प्राप्त टेराकोटा आकृतियां, चित्रित मिट्टी के बर्तन और सींग वाले देवता की मूर्तियां प्रमुख हैं। जैन धर्म से जुड़ी कलाकृतियां और जॉर्ज थॉमस का अंग्रेज़ी और फ़ारसी में शिलालेख भी संग्रहालय का हिस्सा हैं। जहाज कोठी का महत्व केवल स्थापत्य या संग्रहालय तक सीमित नहीं है। यह स्थान उस दौर का गवाह है जब भारत की धरती पर सत्ता संघर्ष चरम पर था। मराठे, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक अपने-अपने प्रभाव का विस्तार कर रहे थे और विदेशी साहसी भी यहां सत्ता स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। जहाज कोठी इस इतिहास की जीती-जागती निशानी है। आज यह स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग की देखरेख में है। संरक्षण की दिशा में प्रयास जारी हैं, परंतु चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आसपास के शहरीकरण और अनियोजित निर्माण के कारण इसका दृश्य बिगड़ गया है। यदि इसे सही तरीके से पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिया जाए और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो यह हरियाणा ही नहीं, पूरे उत्तर भारत का प्रमुख आकर्षण बन सकता है।

जहाज कोठी केवल एक इमारत नहीं, बल्कि इतिहास, स्थापत्य और संस्कृति का जीवंत संगम है। यह हमें बताती है कि कैसे एक जैन मंदिर विदेशी साहसियों की रिहायश बना और आज संग्रहालय का रूप लेकर हमारे अतीत से जोड़ रहा है। इस स्मारक को देखकर हमें न केवल अपने इतिहास पर गर्व होता है बल्कि यह भी सीख मिलती है कि हर इमारत अपने भीतर एक युग की कहानी समेटे रहती है। जरूरत है तो बस उसे समझने और सहेजने की।



कविता

कृष्ण लाल गिरधर



## हर मानस नै मरणा हो सै

हर मानस नै मरणा हो सै, और धरती म्ह समावैगा।
गोद इसकी म्ह खेले खाए, आखर म्ह कित जावैगा?
राजा हो ,चाहे हो भिखारी, करती सब का माण है।
धरती जननीं सब की माता, रहा म्हारी भगवान है।

देख्य सहनशील,रहा कर्म की माता, अन्न धन की खान है।
बख्त उठ चुचकारै इसनै, खेता म्हं जा किसान है।
देख्य दयावान, दानी कहावै, करती सब का कल्याण है।
धरती जननीं सब की माता, रहा म्हारी भगवान है।

धीरज धरम सिखावण आली, अपनी छाती नै चीरै सै।
तन,मन, धन सब देकै अपना, बिन मांगे रहा जीवै सै।
देख्य कदै ना मरती, कदै ना डरती, रहा हर जीव का प्राण है।
धरती जननीं सब की माता, रहा म्हारी भगवान है।

कविता

डॉ. फूल कुमार राठी



## गुरुजन गौरव गान

गुरुजन हों सैं ज्योत ज्ञान की, इनके काज सुनहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इनकी काहणी कहरे सैं ।।

'अ' तैं अटल रहवै लक्ष्य पै, 'आ' तैं आच्छया, आभावान।
'इ' तैं इतिहास रुखाळा, बड्डी 'ई' जितणा ईमान-2
'उ' तैं उत्तम और अनुपम, बड्डे 'ऊ' तैं ऊंचा स्थान।
'ऋ' तैं ऋजु, 'ए' तैं एकाग्र, 'ऐ' तैं ऐतबार की खान -2
'ओ' तैं ओजस्वी-सा चेहरा, 'औं' तैं औचित्य गहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'क' तैं कर्मठ, कर्मशील यो, 'ख' तैं खुद्दारी का नाम।
'ग़' तैं गहणा मेरे वतन का, 'घ' तैं घटी-बधी पै ध्यान-2
'च' तैं चरित्रवान, चटक यो, सदा रहवै चर्चा की ज्यान।
'छ' तैं तणकै छत्र खड़्या यो, छात्र का बणकै अभिमान -2
'ज' तैं जनसेवक, जनप्रिय, 'झ' तैं झण्डे फ़हरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'ट' तैं टिक्का यो मस्तक का, 'ठ' तैं ठाठ-ठिठौली सै।
'ड' तैं डगर दिखावणियाँ यो, सबका दात्ता मेल्ली सै -2
'ढ' तैं ढाळ सुहेली-सी यो, किबै ढारा, किबै हेल्ली सै।
'त' तैं यो तक़दीर बणावै, 'थ' तैं थावस गेल्ली सै-2
'द' तैं दयालु, 'ध' तैं धर्मी, 'न' तैं नरोत्तम कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं'।।

'प' तैं प्रबुद्ध और पवित्र, 'फ़' तैं यो फ़ळदायी सै।
'ब' तैं बुद्धिमान घणा यो, हद तैं घणा सहाई सै-2
'भ' तैं भगत, भला माणस यो, और भाईयां का भाई सै।
'म' तैं मिलनसार, मितभाषी, 'य' तैं यथार्थ परछाई से -2
'र' तैं रक्षक यो मूल्यां का, 'ल' तैं लगनी कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'व' तैं यो विद्वान बताया, 'श' तैं शुभचिंतक क्षण का।
'ष' तैं यो षट्दर्श करावै, 'स' तैं संतोषी मन का -2
'ह' तैं हलीमी खींचणियाँ यो, और हिसाबी सै धन का।
हुनरबाज़, होशियार, हिमाती, हितकारी से जन-जन का।
'फूल सिंह' फेर इसकै ऊपर, इतणे तगड़े पहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

धार्मिक नगरी

**वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था**



# अंग्रेजों के साथ बेरी में भी हुआ था एक दिन का युद्ध

इतिहास

यशपाल गुलिया

प्र पाठय पुस्तकों मे बेरी-जहाजगढ़, रोहतक, खरखौदा आदि के युद्धों का उल्लेख नहीं किया गया, जबकि इन सभी उपरोक्त स्थानों पर रक्त रंजित युद्ध हुए हैं।

धार्मिक नगरी बेरी में भी एक दिन का भीषण युद्ध हुआ था। मुगल काल से ही बेरी-दुबलधन नाम से एक संयुक्त परगना कायम था तथा बेरी में एक छोटा किला भी मध्यकाल से ही बनाया गया था जिसको गढ़ी पुकारा जाता था। आईने अकबरी पुस्तक में बेरी की गढ़ी का वर्णन प्राप्त होता है। उसी गढ़ी में बेरी के जाटों ने इकट्ठे होकर झज्जर के तत्कालीन शासक जॉर्ज थॉमस को ललकारा था। वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को एक आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था। जॉर्ज ने झज्जर में उपयुक्त सैनिक भर्ती करके जमींदारों से कड़ाई से लगान वसूलना आरम्भ कर दिया। इसका बेरी के किसानों ने न केवल विरोध किया बल्कि जॉर्ज से टकराने को भी तैयार हो गए। झज्जर में आए जॉर्ज को एक-दो वर्ष ही हुए थे कि उन्होंने शीघ्र ही तोपें, बन्दूक व काफी युद्ध सामग्री इकट्ठी कर ली। उधर, बेरी वासियों ने भी गढ़ी में आवश्यक तैयारी कर ली जिसके लिए उन्होंने बाहर से भी राजपूत युवक बुला लिए थे।

इंग्लिश की एक पुस्तक में बेरी के युद्ध का सम्पूर्ण विवरण दिया गया है। जैसा बेरी वासियों को अन्देशा था, जॉर्ज ने वर्ष 1795 के अन्त में बेरी पर आक्रमण कर दिया। तब पूरी तैयारी के साथ बेरी वासियों ने गढ़ी से बाहर निकलकर जॉर्ज के सैनिकों में कत्लेआम मचा डाला और भारी हानि के साथ जॉर्ज की सेना पीछे हटनी आरम्भ हो गई। लेकिन उसके एक घायल सैनिक को बेरी वालों ने जिन्दा ही आग में फेंक दिया। बेरी वालों ने अपनी रणनीति के तहत काफी मात्रा में सूखे कंटीले पेड़-पौधे काटकर पहले से ही आग लगाने की योजना बना रखी थी। तब हारकर पीछे लौटते हुए जॉर्ज के सैनिकों ने अपने सैनिक को जिन्दा आग मे फेंकता देखकर फिर से साहस जुटाने का निर्णय किया और एक बार फिर से युद्ध होने लगा। इस बार बेरी वासियों को हार का सामना करना पड़ा। बेरी वासी आस-पास के जंगल को कूच कर गए तथा कुछ गढ़ी में लौटने लगे। लेकिन इस बार जॉर्ज के सैनिकों ने बेरी की गढ़ी में प्रवेश करके वहां भी कत्लेआम कर डाला। बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।

बेरी के बाद अगले वर्ष जॉर्ज ने काहनौर वासियों से भी एक दिन का युद्ध लड़ा था। जॉर्ज थॉमस ने भी वर्ष 1797 में अपना मुख्यालय झज्जर की अपेक्षा हांसी के प्राचीन किले में स्थापित कर लिया। वहीं पर उसको वर्ष 1801 में मराठा सेना के सामने आत्म समपर्ण करना पड़ा था।



झज्जर जिले के करबा बेरी में स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

> बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।

# फिर लौटेगा हरियाणवी फिल्मों का सुनहरा दौर : गीतू परी


कलाकार


डॉ. तबस्सुम जहां

ह हरियाणवी सिनेमा जगत की मशहूर एक्ट्रेस और प्रॉड्यूसर गीतू परी अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' को लेकर आजकल काफ़ी चर्चा में हैं। गीतू परी ने वीडियो सॉन्ग बखत, जुगनी, फकीरा और हरियाणवी स्टेज ऐप की फिल्म '12वीं आला प्यार', चौधर-पार्ट 1 और 2, अखाड़ा 2, वनवास, बूढ़ी काकी, अहंकार के अलावा हरियाणवी चौपाल ऐप पर फिल्म 'कच्छे धारी' आदि फिल्मों में अभिनय के जौहर दिखाए हैं।



अभिनेत्री एवं निर्मात्री गीतू परी का जन्म हरियाणा के जिला गोहाना में कोहला गांव में पिता चतर सिंह और माता मायावती के घर में हुआ। जब वह 5 साल की थीं तब इनका परिवार जींद में रहने लगा। इनकी शुरुआती पढ़ाई जींद से ही हुई। जब ये आठवीं क्लास में थी, तब अभिनय में रुचि पैदा हुई और इन्होंने स्कूल में ही नाटकों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। दसवीं क्लास तक आते-आते इनकी शादी हो गई। शादी के बाद गीतू परी गृहस्थी में उलझ कर रह गईं पर एक्टिंग से दूर होने का दुःख उन्हें लगातार सालता रहा। ससुराल में उन्होंने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए दिल्ली में 'आर्ट एंड क्राफ्ट' में टीचर की जॉब की। बाद में जॉब छोड़कर एक फैशन शो में हिस्सा लिया। शो के दौरान ही उन्हें एक फिल्म में एक्टिंग करने का ऑफर आया जिसमें एक मां का कैरेक्टर था। इसके लिए उन्हें अपने परिवार की स्वीकृति मिल गई और इस प्रकार 2017 में पहली बार गीतू परी फिल्म 'अनकही' में कैमरे से रुबरु हुईं। उसके बाद से वह अनवरत बड़े प्रोजेक्ट्स में काम कर रही हैं और अभिनय के क्षेत्र में निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रही हैं। गीतू परी ने अपने परिवार, कला और अभिनय से सम्बंधित अनेक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। फिल्मों में आने के लिए उनका सबसे पहला संघर्ष उनके अपने परिवार से था। पहले तो उनके मायके पक्ष या ससुराल पक्ष ने उनको सपोर्ट ही नहीं किया था। गीतू परी बताती हैं कि 'मेरे अंदर कहीं ना कहीं एक जज्बा था कि मुझे एक्टिंग लाइन में काम करना है, बच्चे बड़े होने के बाद अपने हस्बैंड के सपोर्ट से मैंने फिर से एक्टिंग लाइन में कदम रखा।' गीतू परी अभिनय के साथ फिल्म निर्माण से भी जुड़ी रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लोगों ने और हरियाणवी इंडस्ट्री ने मुझे इतना प्यार और सहयोग दिया है। हरियाणा में सिनेमा को लेकर बहुत अच्छा काम हो रहा है। मैंने कई फिल्में लिख रखी हैं, उन सब फिल्मों को पर्दे पर उतारने की मेरी पूरी पूरी कोशिश रहेगी। हरियाणवी सिनेमा की स्थिति के बारे में पूछने पर गीतू परी कहती हैं कि फिल्म 'चंद्रावल' ने अपने समय में एक मुकाम हासिल किया था और उसके काफी टाइम बाद राजीव भाटिया की फिल्म 'पगड़ी' से एक उम्मीद जागी और फिर संदीप शर्मा की फिल्म सतरंगी और यशपाल शर्मा निर्देशित 'दादा लखमी' ने वही फिल्म चंद्रावल जैसा माहौल थियेटर में बना दिया।





## फिल्म 'दादा लख्मी' से मिली पहचान

बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा के निर्देशन में बनी हरियाणवी फीचर फिल्म 'दादा लख्मी' गीतू परी के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म को राष्ट्रीय अवार्ड समेत सैकड़ों देशी-विदेशी अवार्ड मिले हैं। इस फिल्म से गीतू परी को भी ब्रेक मिला। अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' के विषय में गीतू परी ने बताया कि हरियाणवी स्टेज पर उनकी आने वाली फिल्म 'सांगी' हरियाणवी संस्कृति को दर्शाती है। इस फिल्म से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। वे बताती हैं कि यह एक जूनूनी बच्चे की स्टोरी है। इसमें बहुत सारे नए और पुराने कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म में 12 गाने हरियाणा के लोगों को देखने और सुनने को मिलेंगे। यह कहानी अपने आप में पूरे हरियाणा को समेटे हुए होगी। वह करीब दो साल से इस स्टोरी पर काम कर रही थी। इसके डायरेक्टर रविंद्र बजवान अन्ना हैं जिन्होंने फिल्म को बहुत अच्छे से डायरेक्ट किया है। गीतू के आगामी प्रोजेक्ट में बाबा जी की कुटिया, छन्नू ताई ,खजनी शेरगढ़ वाली, आदि कई वीडियो गीत और शार्ट फिल्में हैं। फिलहाल इन पर काम चल रहा है। वर्तमान में ओटीटी प्लेटफार्म आने से थियेटर वालों के लिए चिंता बढ़ी है, ऐसी स्थिति में गीतू परी को नहीं लगता है कि ओटीटी आने से थियेटर पर कोई असर पड़ेगा क्योंकि थिएटर पर ढाई से 3 घंटे की फिल्म देखी जाती है और ओटीटी पर शॉर्ट फिल्म, वेब सीरीज, आदि ने अपनी जगह बनाई हुई है। ओटीटी के आने के बाद भी लोग थियेटर में जाकर फिल्म देखना पसंद करते हैं।

## खबर संक्षेप

### सुनीता कुमारी को मिला उत्कृष्ट सेवाओं पर सम्मान

**नांगल चौधरी।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांवी में सेवारत संस्कृत विषय की प्रवक्ता सुनीता कुमारी को उत्कृष्ट सेवाओं पर रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन महेश जोशी ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी की विभिन्न उपलब्ध का वर्णन किया तथा जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के लिए आमजन का सहयोग मांगा। कार्यक्रम में रेडक्रॉस निरीक्षक टेकचंद, रमेश सोनी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में रेडक्रॉस सोसायटी अग्रणी संस्था है।

### रोहतक सम्मान रैली का दिया निमंत्रण

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश सचिव एवं अटेली हलका प्रभारी आनन्द सिंह श्योराण के नेतृत्व में रविवार को गांव भड़फ, कपूरी, ककराला, इसराना, रामबास, ढाणा, मानपुरा, मोड़ी आदि गांवों में 25 सितंबर को रोहतक में जन नायक पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल कि 112वीं जयंती आयोजित किए जाने वाले सम्मान दिवस का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर आनंद श्योराण ने कहा कि चौधरी देवीलाल 36 बिरादरी के सर्वमान्य नेता थे, उन्होंने अनेक जनहित के कार्य लागू करवाए।

## विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी बहुत महत्व: जगदेव यादव

# सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिपः देश विदेश बॉक्सरों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में पिछले चार दिन से जारी सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में रविवार को अन्तिम मुकाबले के मध्य एसडी विद्यालय खिलाड़ियों ने बढ़त बनाई रखी। इस बॉक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में छह देश बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, यूएई सहित भारत देश के नौ जोन से करीब 1400 बॉक्सर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिया। प्रतियोगिता का समापन्न विधिवत रूप से किया जाएगा। जिसमें विजेता मुक्केबाजों को मुख्य अतिथि जिला उप शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक के हाथों पारितोषित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव करेंगे।

चेयरमैन जगदेव यादव ने देश विदेश से आए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी बहुत महत्व है। आज के समय में सरकार की ओर से विद्यार्थियों में प्रतिभा निखारने के लिए समय-समय पर खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। विद्यार्थी खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन करके अपने भविष्य को सुधार सकते हैं। सरकार का उदेश्य है कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेल में भी अपना करियर बना सकते है। विद्यालय के चेयरमैन ने कहा कि पूरी प्रतियोगिता शान्तिप्रियए सुन्दर ढ़ंग व निष्पक्षता से समपन्न हुई। खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए शहर थाना पुलिस कर्मचारी तनात रहे। वहीं स्वास्थ्य के लिए उपनागरिक अस्पताल का चिकित्सक उपस्थित रहा। उन्होंने प्रतियोगिता में जय-पराजय वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जीत और हार एक सिक्के के दो पहलू है। पराजित होने वाले खिलाड़ियों को इससे निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि भविष्य में इससे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

रविवार को खिलाड़ियों के मध्य कड़ा मुकाबला रहा। जिनमें महिला खिलाड़ियों के 19 आयु व 45 किलोग्राम भार वर्ग में नोर्थ जोन से गुंजन, 45-48 किलोग्राम भार वर्ग में नोर्थ जोन से जिया, 48-51 किलोग्राम भार वर्ग में नोर्थ जोन दो ए से कशिश मलिक, 51-54 किलोग्राम भारवर्ग में महक, 54-57 किलोग्राम भारवर्ग में कंचन, 57-60 किलोग्राम भारवर्ग में निलाक्षी, 60-64 किलोग्राम भारवर्ग में निकिता दांगी, 64-66 किलोग्राम भारवर्ग में ईवा यादव, 66-69 किलोग्राम भारवर्ग में शेरी मरांडी, 69-75 केलोग्राम भारवर्ग में हंसिका, 75-81 किलोग्राम भारवर्ग में सेम तथा 81 प्लस किलोग्राम भारवर्ग में सिद्धिका सैनी ने विजय प्राप्त की।


कनीना। प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### सभी स्टाफ कर्मियों का आभार जताया

विद्यालय चेयरमैन ने सीबीएसई बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के समापन की घोषणा की। उन्होंने प्रतियोगिता के समय सहयोग करने वाले सभी स्टाफ कर्मियों का आभार जताया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश, वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव, उपप्राचार्य पूर्णसिंह, खेल प्रमुख तेजपाल कोच, सोनू कोच, प्रदीप फुटबॉल कोच खेड़ी, प्रवीन वॉलीबॉल कोच, दीपक कबड्डी कोच, खोगेश्वर बॉक्सिंग कोच, विकास कोच खेड़ी, संगीता डीपी, ज्योति डीपी आदि मौजूद थे।

### खिलाड़ियों ने दिखाया अपने पंच का दम

इसी प्रकार लड़कों की 17 आयु व 44-46 किलोग्राम भारवर्ग में समेर, 46-48 किलोग्राम भारवर्ग में यश कुमार, 48-50 किलोग्राम भारवर्ग में रोहन जोशी, अजय प्रताप सिंह, तेजस कोशियार, विवेक केसरवानी, 50-52 किलोग्राम भार वर्ग में पवन सिंह कुलोरा, विशाल, 52-54 किलोग्राम भारवर्ग में मोहित भंडारी, 54 से 57 किलोग्राम भारवर्ग में फ्राईस्ट जोन से उमेश ने दिखाया अपने पंच का दम।

## सिंघानिया विवि में 7वां स्टेट-कम-ट्रायल व्हीलचेयर रग्बी चैंपियनशिप शुरू


नारनौल। अतिथि को स्मृति चिहन देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** सिंघानिया विश्वविद्यालय ने 7वां स्टेट कम ट्रायल व्हीलचेयर रग्बी चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह का संचालन डॉ. शर्मिला यादव ने किया और अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अर्जुन पुरस्कार विजेता अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट संदीप मान मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की और खिलाड़ियों व अतिथियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित अतिथियों से बातचीत भी की। प्रेसीडेंट मनोज कुमार (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी) ने अतिथियों के जज्बे की सराहना की और कहा कि विश्वविद्यालय की तरफ से उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने साल में दो बार विश्वविद्यालय की तरफ से पैरा खिलाड़ियों के गेम आयोजन की भी घोषणा की। इसके अलावा, राजस्थान व्हीलचेयर रग्बी एसोसिएशन के डायरेक्टर यूके पांडेय और सचिव अरुण दाधिच ने खेल की जानकारी साझा की और आयोजन सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। सभी अतिथियों को फूल-पॉट, शॉल और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मंच पर झुंझुनू पर्यावरण समिति के डायरेक्टर राकेश अग्रवाल और पीसीआई डायरेक्टर देवेंद्र झांझड़िया के प्रतिनिधि के रूप में उनके भाई प्रदीप झांझड़िया ने भी उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। संध्या में आयोजन के अंतर्गत गेम की एजीएम बैठक भी रखी गई, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए अधिकारी शामिल हुए और आगामी खेलों और कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजिका जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मोनिका सैनी, एडमिन डायरेक्टर विजेंद्र शर्मा, विवि स्पोर्ट्स कमिटी के सदस्य प्रो. प्रेसीडेंट डॉ. पवन त्रिपाठी, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. दिनेश सिंह यादव और भूपसिंह रंगा, डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ. प्रीति सेंगर, सुश्री राखी, पियूष, रोहित शेखावत और रग्बी कोच होशियार सिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मोती नगर में निकाली 158वीं प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर की प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्था प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में पितृ पक्ष के अवसर पर मोती नगर से 158वीं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित मनमोहन शर्मा व शुभम शर्मा ने प्रभात फेरी के मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद परिवार से ठाकुर जी व निशान का पूजन करवाकर गीता पाठ करके प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। प्रभात फेरी मुख्य यजमान के निवास स्थान मोती नगर से सिंघाना रोड, राजा गार्डन व सुभाष पार्क के पास के विभिन्न मार्गों से होते हुए शुभारंभ स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई।

संगठन के गोसंरक्षक सीताराम चौबे, वरिष्ठ सदस्य बजरंग गर्ग, समिति के महासचिव महेंद्र सैनी, पवन कुमार गुप्ता अताया कि प्रभात फेरी में लोगों ने ठाकुर जी का भव्य स्वागत किया व विभिन्न प्रकार का प्रसाद व पुष्प वर्षा कर ठाकुर जी की आरती कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। रास्ते में जगह जगह धर्म प्रेमी लोगों ने पुष्प वर्षा करके व प्रसाद वितरित करके ठाकुर जी का भव्य स्वागत किया। संस्था के उ प्रधान मनिंद्रर सैनी व यशपाल शर्मा ने बताया कि घरों की छत से देख रहे लोग नीचे उतरकर ठाकुर जी का स्वागत करने लगे, सैकड़ो की तादाद में महिलाएं व पुरुष, छोटे बच्चे टोलिया बनाकर राधा नाम संकीर्तन करते हुए एक अलग ही मस्ती के साथ चल रहे थे। आरती कर टॉफी व माखन मिश्री का भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।


नारनौल। प्रभातफेरी निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### आनंद मेहता बने सीएम विंडो व समाधान शिविर सदस्य

नारनौल। भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल के जिला प्रमुख आनंद मेहता को सीएम विंडो एमिनेंट एवं समाधान शिविर सदस्य बनाने पर समर्थकों ने बधाई दी। उन्होंने पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव व जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव का आभार जताया। उन्होंने बताया कि कहा कि एक छोटे से भाजपा के कार्यकर्ता में विश्वास जताते हुए यह जिम्मेदारी दी है। वे क्षेत्र की समस्याओं को प्रशासन के सहयोग से समाधान करने का हर समय प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर आनंद मेहता के साथ पूर्व जिला सचिव बेगराज सैनी, पूर्व जिला महामंत्री राजेंद्र यादव, रिटायर्ड रीडर सतबीर सैनी, प्रदीप गौड़, हुडीना मंडल आईटी प्रमुख रतन सिंह बंजारा व प्रमेश सैनी मौजूद रहे।



# निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत 125 अध्यापक व मैटर्स को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत संपर्क फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग की ओर से संपर्क स्मार्ट पाठशाला व संपर्क टीवी के बेहतरीन उपयोग करने वाले 24 उत्कृष्ट विद्यालयों के 67 अध्यापकों व जिले के 35 मैटर्स को सम्मानित किया गया।

सम्पर्क फाउंडेशन की ओर से भव्य टीचर ट्रॉफी अवॉर्ड्स सम्मान समारोह का आयोजन शिक्षकों, विद्यालयों और मार्गदर्शकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करने के लिए किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य निपुण हरियाणा औव एफएलएन कार्यक्रम के तहत शिक्षा की गुणवत्ता को और ऊंचाई पर ले जाना रहा। कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक डॉ. विश्वेश्वर कौशिक मुख्यातिथि व जिला एफएलएन समन्वक डॉ. विक्रम सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में नांगल चौधरी बीईओ सुनीता यादव, कनीना बीईओ दिलबाग सिंह, डॉ. ईश्वर चंद, नरेश गुप्ता, संपर्क फाउंडेशन से जिला समन्वयक मनीष कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने शिक्षा में तकनीकी नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षकों को सम्पर्क टीवी तथा सम्पर्क स्मार्ट शाला एप्लिकेशन जैसे डिजिटल उपकरणों का नियमित रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन उपकरणों के उपयोग की मासिक निगरानी भी की जाएगी। डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि संपर्क फाउंडेशन की ओर से इन उत्कृष्ट अध्यापकों विद्यालयों व मेंटर का चयन किया गया, जिन्होंने संपर्क फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध करवाई शिक्षण सहायक सामग्री जैसे संपर्क टीवी व संपर्क स्मार्ट शाला का विद्यार्थियों के हित में उत्कृष्ट प्रयोग किया है। दिलबाग सिंह ने सम्पर्क फाउंडेशन के संस्थापक विनीत नायर व अनुपमा नायर का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि सम्पर्क फाउंडेशन की पहलों को जिलेभर में व्यापक रूप से लागू किया जाएगा। गुलशन कुमार ने मंच संचालन किया व डाइट प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार, डॉ. राकेश कुमार, सूर्यकांत यादव, डॉ. सुरेंद्र व वरिष्ठ प्रवक्ता नरेश गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।


नारनौल। शिक्षकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# एसएम सहगल फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक की ओर से स्वास्थ्य कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एसएम सहगल फाउंडेशन एवं एचडीएफसी बैंक परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत गांव खातिवास में सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान निःशुल्क दवाई वितरित की गई। शिविर के संचालन में जयपुर हार्ट हॉस्पिटल व रेडक्रॉस सोसायटी का सहयोग रहा। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी चंडीगढ़ से महेश जोशी व सचिव डॉ. एसपी सिंह तथा जयपुर हार्ट हास्पिटल के संचालक डॉ. एसएस यादव, डॉ. मोनिष, डॉ. नितेश सैनी व विजय खटाणा सहित सहयोगी चिकित्साकर्मी के साथ खातिवास सरपंच मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महेश जोशी ने बताया कि सहगल फाउंडेशन, रेडक्रॉस सोसायटी व जयपुर हार्ट हॉस्पिटल के सहयोग से जमीनी स्तर पर पहुंचकर लोगों का मुफ्त इलाज करने की पहल बहुत ही सहारणीय है। इससे ग्रामीण निःशुल्क जांच करवाकर समय पर अपना इलाज करवा सकेंगे। परियोजना समन्वयक रामदिया कश्यप ने बताया कि सहगल फाउंडेशन जिले के 39 गांवों मे जल प्रबंधन, कृषि विकास, पशु प्रबंधन, स्थानीय भागीदारी व ग्रामीण अनुसंधान और विकास के लिए समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चे, महिलाएं व पुरुष शामिल रहे। इस मौके पर सहगल फाउंडेशन टीम से संजय आलोरिया, सौरभ पाण्डे, विरेन्द्र, कृष्ण, राजकुमार, चरण सिंह, अनुज, सोनम, पूजा, पुष्पा, मोहित आदि उपस्थित रहे।


नारनौल। महेश जोशी को सम्मानित करते हुए।



### रक्तदान पुण्य का कामः महेश जोशी

**मंडी अटेली।** भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली के तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 35 यूनिट का रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि महासचिव रेडक्रॉस सोसायटी महेश जोशी व विकलांग गोशाला बुचावास संत महाराज विलगिरी रिटायर्ड बीईओ देवेंद्र हरित, मास्टर बुद्धिप्रकाश शर्मा व राजकुमार कौशिक, नगर पालिका के अध्यक्ष संजय गोयल, पंचायत समिति अध्यक्ष राजेंद्र यादव, सतबीर सरपंच, रिटायर्ड गिरदावर बेद प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर महेश जोशी ने कहा कि जिस प्रकार भगवान परशुराम ने पृथ्वी से पाप का नाश करके मानवता की सेवा की, उसी प्रकार हमें भी किसी न किसी रूप में मानवता की सेवा करनी चाहिए। सभा के प्रधान गौरव गौड़ ने कहा कि रक्तदान एक महादान व जीवनदान है। रक्तदान मानवता की सेवा में एक पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं।

# ऐतिहासिक होगी रोहतक की सम्मान दिवस रैलीः मंदोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रणबीर मंदोला ने कहा कि 25 सितंबर को रोहतक की नई अनाज मंडी में होने वाली जननायक पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के 112 वी जयंती पर सम्मान दिवस रैली भीड़ के हिसाब से अब तक की सबसे बड़ी रैली होगी। पूर्व विधायक रविववार को नांगल चौधरी हल्के के गांव बसीरपुर, कारोली, मारोली, दनचोली ठाकरान, दनचोली जाट, नापला, निजामपुर, नारेडी, छापड़ा, बामनवास, मोखुता, पवेरा, घाटाशेर, छिलरो, तलौट आदि गांवों में सम्मान दिवस रैली का निमंत्रण देते हुए कहा कि चौधरी देवीलाल त्याग कि मूर्ति थे, उन्होंने प्राण जाए पर वचन न जाए कहावत को चरितार्थ करते हुए प्रधानमंत्री के पद का ताज विश्व नाथ प्रताप सिंह के सर पर रख दिया था, उस महान विभूति को श्रद्धासुमन अर्पित करने पूरा हरियाणा रोहतक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि आज जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है, यह सरकार पोर्टल कि सरकार बनकर रह गई है। विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी आपस मे मिले हुए है। विपक्ष की भूमिका सदन व सड़क पर इनेलो ही निभा रही है।


नारनौल। रैली का निमंत्रण देते इनेलो नेता। फोटो : हरिभूमि

### आरआरसीएम में अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित

**कनीना।** कनीना स्थित राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अभिभावक.शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों ने अपने बच्चों की पढ़ाईए व्यवहार तथा सर्वांगीण विकास पर शिक्षकों के साथ सार्थक संवाद किया। चेयरमैन रोशन लाल यादवने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं हैए बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासनए संस्कार और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाना भी है। उन्होंने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय तभी प्रगति कर सकता है जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर विद्यार्थियों के भविष्य के लिए कार्य करें। प्रधानाचार्य हरिप्रकाश शर्मा ने कहा रआरसीएम पब्लिक स्कूल हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए समर्पित रहा है। बैठक में बच्चों के परिणामए उनकी प्रगति रिपोर्ट तथा आगामी शिक्षा योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## जजपा का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 30 सितंबर को

### हरियाणा में फसलें बर्बाद किसानों को मिले 30 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजाः राजकुमार

# जेजेपी की जिलास्तरीय बैठक में किए 60 पदाधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जननायक जनता पार्टी की आवश्यक बैठक जिला प्रधान राजकुमार खातोद की अध्यक्षता में सिंघाना मार्ग स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें राव ओमप्रकाश इंजीनियर विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में हाल ही में पार्टी में नियुक्त हुए पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कैलाश पालड़ी, प्रदेश सचिव रामकुमार मकसुसपुर, प्रदेश संयुक्त सचिव सिकंदर गहली, विशेष आमंत्रित सदस्य हरचंद तोबड़ा, सुरेश शास्त्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हजारीलाल, रामकुमार रावत का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा व अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श के बाद जिला कार्यकारिणी में 60 नए पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

इस अवसर पर जिला प्रधान राजकुमार यादव ने भारी बारिश के कारण हरियाणा के किसानों को हुए नुकसान पर गहरी चिंता जताई और सरकार से कम से कम 30 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारी वर्षा के कारण विशेष रूप से बाजरा व कपास की फसलों को करीब 70 प्रतिशत नष्ट हो गई हैं। अधिक बरसात के कारण कपास की फसल गल गई तथा उसमें कीड़े लगकर खराब हो गई। उन्होंने सरकार से तुरंत गिरदावरी कराने की भी अपील की, ताकि सही आंकलन कर किसानों को समय रहते राहत दी जा सके। खातोद ने कहा कि 30 सितंबर सुबह 11 बजे जननायक जनता पार्टी का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा मुख्य रूप में शामिल होंगे।


नारनौल। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रवक्ता विजय छिलरो, सुरेंद्र पटीकारा, दिनेश राजपूत, विनोद भील, प्रमोद ताखर, वीरेंद्र घटाशेर, विजयपाल अधिवक्ता, सिकंदर गहली, अजय चौधरी, विष्णु डाबर, धर्मवीर प्रधान, संदीप भाखर, महाराम गुर्जर, केशव वर्मा, सतू खटीक, शेखर, थावर सिंह, दिनेश, बजरंग गुर्जर, सुनील जेवली, हैप्पी, अमित, योगी, अशोक आदि मौजूद थे।


कनीना। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 110 मरीजों की जांच की

**कनीना।** लाला शिवलाल की धर्मशाला में रविवार को आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 110 मरीजों की जांच हुई। सामाजिक संस्था सेवा भारती की ओर से आयोजित शिविर में रेवाड़ी के विभिन्न अस्पतालों से आए चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर दवा वितरित की। योगेश अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में हृदय रोग, नेत्र रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री रोग, सामान्य रोग का उपचार किया गया। शिविर में ईसीजी, बीपी व ब्लड शुगर की भी जांच कर परामर्श दिया गया। उन्होंने बताया कि सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश केसरी, डॉ. जयश्री, डॉ. सत्यनारायण यादव व नेत्र रोग विशेषज्ञ रोहण वर्मा व तरूण कुमार की टीम ने मरीजों की जांच कर दवा वितरित की। शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें अब तक हजारों जरूरतमंद व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ ले चुके हैं। इस मौके पर सुरेश शर्मा, श्याम सुंदर महाशय, अमित सिंहल, दिनेश कुमार, नवीन मित्तल, प्रताप यादव, अशोक वर्मा, प्रवीन, प्रीती, कृष्ण कुमार, पार्वती देवी, बबली आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### प्रवीण बने जिला कंप्यूटर संघ के जिला प्रधान

**नारनौल।** हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ की बैठक लघु सचिवालय में संघ के राज्य प्रधान विजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री हरकेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला संगठन का पुर्नगठन किया गया। जिसमें प्रवीण कुमार प्रधान, विकास यादव कार्यकारी प्रधान, अनिल कुमार जिला मंत्री, दीपक कुमार कोषाध्यक्ष नियुक्त किया।

### धर्मसिंह बने सफाई कर्मी यूनियन के प्रधान

**नारनौल।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की ब्लॉक इकाई की बैठक नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से धर्मसिंह को प्रधान, छाजूराम को उपप्रधान, बसंत कुमार को सचिव, अमित कुमार को सहसचिव, चंदगीराम को खजांची, प्रदीप कुमार को संगठन सचिव, रामनिवास को मुख्य सहलाकर नियुक्त किया गया।

### पुलिस ने ग्रामीणों को दिलाई नशा विरोधी शपथ

**महेंद्रगढ़।** गांव डुलाना में पुलिस विभाग की ओर से नशा विरोधी जागरूकता अभियान के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। निरीक्षक शारदा और उनकी टीम ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया और नशे के खिलाफ हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी भी दी। निरीक्षक शारदा ने लोगों को नशे की बुराइयों के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि नशा नाश की जड़ है। उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन को जड़ से खत्म करने का संकल्प दिलाया।

### गांव बुचोली में की गई फॉगिंग

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचोली में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से गांव के सभी मुख्य रास्तों व गलियों में फॉगिंग करवाई गई है। उप स्वास्थ्य केंद्र बुचोली में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान एवं समाजसेवी आशीष कुमार ने गांव की सभी गलियों में घूम घूम कर फॉगिंग की। प्राचार्य धर्मवीर सिंह व सुख सहायक नरेश कुमार ने विद्यालय परिसर में फॉगिंग करने में सहयोग किया। स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने बताया कि बरसात के मौसम में मच्छरों का प्रकोप अधिक हो जाता है, जिसकी वजह से मलेरिया और डेंगू की बीमारी होने का डर बना रहता है।

# तीन नहरों के पुनर्वास के लिए सांसद ने लिखा अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र

## नहरों का जीर्णोद्धार होने से किसानों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़





**महेंद्रगढ़।** सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह को ज्ञापन देते संदीप मालड़ा व कूकसी माइनर में खड़ी खरतपवार एवं झूंडे।

क्षेत्र में बड़ी नहर की टेल पर पड़ने वाले आधा दर्जन से भी अधिक गांवों के किसानों के लिए खुशखबरी है। अब तक नहरी पानी के लिए तरसते रहे इन गांवों में नहरी पानी पहुंचाने के लिए सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह की ओर से हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव को विशेष पत्र लिखा गया है। यदि मुख्य सचिव स्तर पर प्रयास सकारात्मक रहे तो राजस्थान की सीमा से लगते गांवों में अंतिम टेल तक नहरी पानी पहुंचाना संभव हो सकेगा। इससे किसानों को सर्वाधिक फायदा होगा और नहर में पानी चलने पर वह अपनी फसलों को जरूरत के समय सिंचित कर फसली उत्पादन एवं अपनी आजीविका बढ़ा सकेंगे। इससे उनकी आर्थिक संपन्नता बढ़ने की संभावना रहेगी और खुशहाली आएगी। गौर हो कि महेंद्रगढ़ की बड़ी नहर की टेल पर पड़ने वाले गांव पल्ह, बैरावास, गडानियां, खेड़की, पाल एवं दूलोठ आदि लगभग आधा दर्जन गांवों में मुख्य रूप से तीनों माइनर से ही नहरी पानी पहुंचता है और ये तीनों ही माइनर पंप हाउस नंबर पांच व छह से निकलती हैं। यह नहरें करीब तीन दशक पहले बनाई गई थी और वर्तमान में इनकी हालत बेहद जर्जर है। इनमें झाड़–झंखड़, पेड़–पौधे एवं खरपतवार उगे हुए हैं तथा लेवल भी ठीक नहीं है। जबकि दूसरी ओर जहां एकतरफ बड़ी नहर की क्षमता बढ़ा दी गई है।

वहीं दूसरी तरफ पंप हाउसों की क्षमता बढ़ाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। ऐसे में आधा दर्जन से भी अधिक गांवों को नहरी पानी की आपूर्ति करने वाली इन तीनों ही माइनरों के पुनर्वास की अति आवश्यकता है। इन माइनरों में नहरी पानी नहीं आने से यहां के किसान नहरी पानी से वंचित रह जाते थे और जरूरत के समय वह अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पाते थे। इसी समस्या से किसानों ने युवा भाजपा नेता संदीप मालड़ा के मार्फत सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह को अवगत कराया है, जिस पर संज्ञान लेते हुए सांसद ने हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव को इन नहरों का पुनर्वास यानि जीर्णोद्धार करने के लिए पत्र लिखा है।

### यह बोले संदीप मालड़ा

विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार का ध्येय है कि किसान की फसली लागत घटाने के साथ-साथ उसकी फसल की पैदावार बढ़ाई जाए, जिससे किसानों की इनकम बढ़ सके और किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इन नहरों के पुनर्वास के बाद किसान को लाभ मिल सकेगा। जिस तीन छोटी नहरों के पुनर्वास के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखा है, उनमें गांव पल्ह, बैरावास, गडानियां, खेड़की, पाल एवं दूलोठ आदि शामिल हैं। सांसद धर्मबीर सिंह का प्रयास है कि जल्द से इन नहरों के पुनर्वास की अनुमति मिले तो बजट निर्धारित करवाकर इनका पुनर्निर्माण करवाया जाए।

### नहर ठीक नहीं होने से किसानों को हो रहा नुकसान

करीब तीन दशक पहले सरकार ने खेड़की, कूक्सी व दूलोठ माइनरों का निर्माण तो करवाया, लेकिन उसके बाद से इनकी कभी सुध नहीं ली। न ही तो इनमें पानी छोड़ा गया और न ही इनका अस्तित्व मिटने से बचाने के लिए कभी कोई प्रयास किए। यही कारण है कि इन नहरों की हालत अब काफी खस्ता है तथा पेड़ पौधे एवं खरपतवार उग आने से इनका अस्तित्व ही मिटने की कगार पर है। इससे इन नहरों के साथ लगते गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी नहीं मिलने से नुकसान हो रहा है।

## हाइडोज एंटीबायोटिक्स दवाई का इस्तेमाल करके प्रसिद्धि लूट रहे झोलाछाप डॉक्टर

# नांगल चौधरी के 40 गांवों में रोजाना 3.5 लाख की एंटीबायोटिक्स दवाइयां खा रहे मरीज

## लीवर, किडनी व रोग प्रतिरोधक को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ निजामपुर




**निजामपुर।** सीएचसी नांगल चौधरी का प्रवेश द्वार। फोटो : हरिभूमि

विभागीय या डिग्री धारक चिकित्सकों की ओर से दवाई की निर्धारित डोज देकर इलाज किया जाता है, जिससे मरीज को तत्काल राहत नहीं मिलती। परेशान होकर कई मरीज झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर हाईडोज एंटीबायोटिक दवा खाते हैं। इस दवाई मरीज को तत्काल राहत मिलेगी और संतुष्ट मरीज इसी डॉक्टर की तारीफ करते हैं। जिससे नांगल चौधरी के गांवों में झोलाछाप डॉक्टर व एंटीबायोटिक्स दवाइयों की खपत तेजी से बढ़ रही है। लेकिन एंटीबायोटिक्स का अंधाधुंध इस्तेमाल से मरीजों की किडनी, लीवर व रोगप्रतिरोधक क्षमता को नुकसान होने लगा है।

आपको बता दें कि स्वास्थ्य पर उप स्वास्थ्य केंद्र तथा 10 हजार की आबादी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत है। पीएचसी में महिला चिकित्सक समेत दो डॉक्टर तथा अन्य कर्मियों की पोस्ट सैंक्सन कर दी। बीते दिनों भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी पोस्ट फ्लिप हो चुकी हैं, लेकिन ग्रामीण पीएचसी पर मरीज इलाज कराने को तैयार नहीं, क्योंकि यहां मरीजों को तत्काल राहत नहीं मिलती और चार पांच अस्पताल की तलाश करने लगते हैं। दूसरी ओर झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिकों पर मरीजों की भीड़ नहीं टूटती, क्योंकि यहां अधिकतर मरीज दवाई की दो या तीन खुराक में स्वस्थ्य हो जाते हैं। इसके बाद स्वस्थ्य हुए मरीज उक्त क्लीनिक और डॉक्टरों की तारीफ करके अन्य मरीजों को भी यहीं इलाज कराने के लिए प्रेरित करते हैं। जिस कारण विभागीय प्राथमिक सेंटरों तक सिमट गई है। कई गांवों में झोलाछाप डॉक्टरों ने मरीजों को ग्लूकोज, आंखों की जांच तथा अन्य बीमारियों का चेकअप करना शुरू कर दिया।

वे पहले एंटीबायोटिक्स दवाई के प्रभाव से मरीज को स्वयं स्वस्थ करने के प्रयास करते हैं। हालात नाजुक होने पर निजी अस्पताल में उपचार कराने की सलाह देते हैं। जहां कमीशन तक वसूली करने की चर्चाएं हैं। शिकायत मिलने पर बीते साल डब्ल्यूएचओ ने एंटीबायोटिक्स दवाई पर शोध एंटीबायोटिक्स का अंधाधुंध इस्तेमाल शारीरिक अंगों व रोगप्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करती है। जिसका अहसास लंबे समय तक दवाई खाने के बाद होता है। समाधान के लिए एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल चिकित्सक की निगरानी व सिमित डोज में करने की हिदायत दी थी। स्वास्थ्य विभाग ने भी एंटीबायोटिक्स कम यूज करने का अभियान चलाया था, लेकिन गांवों में इस दवाई की खपत बढ़ने से स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

### चिकित्सक की पर्ची पर दवाई बेचने वाले निर्देशों की नहीं होती पालना

स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार मेडिकल संचालक चिकित्सक की पर्ची पर ही मरीज को दवाई मुहैया करवा सकते हैं। पूरी बिक्री का रिकार्ड भी रखना अनिवार्य है, लेकिन अधिकतर मेडिकलों पर मरीज बीमारी का नाम बताकर दवाई मांगते हैं और उन्हें तुरंत मुहैया करवा दी जाती है। अनावश्यक दवाइयां खाने से मरीजों को आर्थिक नुकसान तथा स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ने लगा है।

### बिना डॉक्टर की पर्ची नहीं बेच सकते मेडिकल संचालक

सीएचसी के एसएमओ डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि एंटीबायोटिक्स दवा के अधिक सेवन से शरीर में स्वास्थ्य रक्षक बैक्ट्रिया को क्षति होती है। जिस कारण मरीज जल्द बीमार होने लगेगा और एंटीबायोटिक्स दवाई धीरे धीरे बेअसर होने लगेगी। इसलिए अच्छे डॉक्टर इस दवा का बहुत कम इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा मेडिकल संचालक बिना डॉक्टर की पर्ची के एंटीबायोटिक्स या गंभीर बीमारियों की दवा नहीं बेच सकते। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है।

### हैवी डोज लेने वाले मरीजों पर नॉर्मल दवाई असर नहीं करती

विभागीय सूत्रों की मानें तो झोलाछाप डॉक्टर जुकाम, बुखार, घाव भरने तथा अन्य बीमारियों के इलाज में हैवी डोज एंटीबायोटिक्स दवाई का इस्तेमाल करते हैं। जिस कारण शरीर धीरे धीरे उसी दवा का आदि हो जाएगा, एक समय बाद इस लेवल की डोज बेअसर होने लगती है। इसके बाद और हैवी डोज से ही राहत मिलना संभव हो पाएगा। जिससे मरीजों को किडनी, लीवर व अन्य गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ सकता है।

### वोट की चोट से जवाब देगी जनताः शर्मा

# भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक



**महेंद्रगढ़।** जयराम सदन में बैठक लेते पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के आवास पर रविवार को जयराम सदन में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में प्रो. शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति तक सेवा पहुंचाना और प्रत्येक कार्यकर्ता को जनकल्याण कार्य से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को रोहतक में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा, वहीं महेंद्रगढ़ में भी भाजपा कार्यकर्ता रक्तदान शिविर और अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे। बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां पर की गई अभद्र टिप्पणी की निंदा करते हुए शर्मा ने कहा कि वहां की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को वोट की चोट से जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों ने अनैतिकता की सभी हदें पार कर दी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सैनी सभा के नवनिर्वाचित प्रधान सुरेश सैनी ने कार्यकारिणी सहित शर्मा से आशीर्वाद लिया। वहीं युवा भाजपा नेता वीरेंद्र दीक्षित ने कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर नामित होने पर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र यादव, ब्लॉक समिति अध्यक्ष विजयलक्ष्मी, ब्लॉक समिति सदस्य कैलाश शर्मा शास्त्री एवं राहुल पायगा, ब्राह्मण सभा उप प्रधान रमेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक खैरवाल, सतवीर उर्फ भैरो, मलखान सिंह पूर्व सरपंच पाली, मुकेश मेहता, सूरत सैनी पूर्व उप प्रधान, मार्केट कमेटी, अमित भारद्वाज,लक्ष्मी नारायण सैनी, धर्मेंद्र सैनी, रामनिवास सैनी प्रवीण सैनी, चिरंजी लाल गुर्जर, मुकेश शर्मा नागल सिरोही, प्रदीप कौशिक चेयरमैन खातीवास, मुकेश यादव पल्ह, कर्मवीर यादव खातोद आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम समाज के लिए प्रेरणादायक पहलः कंवर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

*सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन*



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक कंवर सिंह एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

रविवार को भाजपा विधायक कार्यालय में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में विधायक महेंद्रगढ़ कंवर सिंह यादव, सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक राकेश शर्मा, जिला महामंत्री भाजपा योगेश शास्त्री, अजीत कलवाड़ी, सेवा पखवाड़ा सहसंयोजक नरेश खुड़ाना मौजूद रहे। दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की शुरुआत की गई। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री योगेश शास्त्री ने किया।

विधायक कंवर सिंह यादव ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जाएगा।

### साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन

## यज्ञ एक विशिष्ट वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रियाः पंडित भूपेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



रविवार को आर्य समाज महेंद्रगढ़ के पावन प्रांगण में पर्यावरण की शुद्धि के लिए, परिवार, समाज, प्रकृति, सकल सृष्टि एवं समष्टि के कल्याण की कामना के साथ साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान पंडित भूपेंद्र सिंह आर्य ने की। मास्टर जुगबीर आर्य के यजमानत्त्व तथा बहन केसर आर्या के ब्रह्मत्त्व में यह आयोजन किया गया।

भूपेंद्र सिंह आर्य ने ऋषि-मुनियों द्वारा स्वीकृत यज्ञ प्रणाली को पुनः घर-घर पहुंचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यज्ञ एक विशिष्ट वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसमें सबकुछ अच्छा ही अच्छा, शोभन ही शोभन होता है। अपना व अन्य सभी का लाभ होता है, किसी की भी हानि नहीं होती। डॉ. विक्रांत डागर ने बताया कि शास्त्रों में यज्ञ को संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म बताया गया है।

# इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की टीम करेगी महेंद्रगढ़ कॉलेज का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़




**महेंद्रगढ़।** कॉलेज भवन। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में सत्र 2025-26 से शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा के सतत प्रयासों से उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा महाविद्यालय में एमएससी रसायन शास्त्र का नया पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही बीएससी (फिजिकल साइंस एवं लाइफ साइंस) में पर्यावरण विज्ञान विषय की भी शुरुआत की गई है। हरियाणा के राजकीय महाविद्यालयों में पर्यावरण विज्ञान विषय सबसे पहले राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में प्रारंभ हुआ है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी थी।

### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ेगा अन्य शहरों में

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा ने कहा कि यह न केवल महाविद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एमएससी रसायन शास्त्र और पर्यावरण विज्ञान जैसे विषयों से विद्यार्थियों के लिए रोजगार और अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

### नगर परिषद की लोगों से अपील, स्वच्छता में करें सहयोग

# स्वच्छता अभियानः रोजाना हो रहा 102.5 टन कूड़े का उठान

## कूड़े को सड़कों पर या खाली प्लॉटों में न फेंकने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



**नारनौल।** रेवाड़ी रोड पर दुकानदारों को समझाते डीएमसी रणवीर सिंह।

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला महेंद्रगढ़ में शहरी स्वच्छता अभियान 2025 जोर शोर का असर अब साफ दिखने लगा है। इस अभियान के तहत जिला के सभी नगर परिषदों व नगर पालिकाओं में रोजाना लगभग 102.5 टन कूड़े का उठान किया जा रहा है। इससे शहर धीरे धीरे साफ सुथरे हो रहे हैं। मौसम खुलने के साथ ही अब सफाई दिखने भी लगी है। अधिकारी भी हर रोज सफाई का जायजा ले रहे हैं।

जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह ने बताया कि सरकार की इस पहल से जिला में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नारनौल में 62 टन, महेंद्रगढ़ में 18 टन, कनीना में सात टन, अटेली में 6.5 टन और नांगल चौधरी में नौ टन कूड़ा रोजाना उठाया जा रहा है। सभी नगर परिषद और नगर पालिका के कर्मचारी इस कार्य में पूरी मेहनत के साथ लगे हुए हैं। रणवीर सिंह ने आम जनता से भी अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि लोग कूड़े को सड़कों पर या खाली प्लॉटों में न फेंकें और जब भी कूड़ा उठाने के लिए गाड़ियां आएं तो उसमें ही कूड़ा डालें।

### सभी का सहयोग जरूरी

*उन्होंने बताया कि सरकार की इस पहल का मकसद जिला को एक स्वच्छ और सुंदर स्थान बनाना है। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। यह अभियान न केवल पर्यावरण की सुरक्षा कर रहा है, बल्कि नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दे रहा है। वहीं जिला नगर आयुक्त ने रविवार को रेवाड़ी रोड पर सुबह साफ सफाई का जायजा लिया। इस दौरान सड़क पर कूड़ा डाल रहे दुकानदारों को समझाया कि वे भविष्य में सड़क पर कूड़ा ना डालें। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि भविष्य में अगर सड़क पर कूड़ा फेंका तो दुकानदार का चालान काटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हर रोज कूड़ा उठाने वाले वाहन आते हैं। उस वाहन में ही कूड़ा डालें।*

### 139वीं प्रभातफेरी निकाली

**नारनौल।** शहर की अग्रणी धार्मिक संस्था राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 139वीं प्रभात फेरी का शुभारंभ मोहल्ला भूप कॉलोनी सलामपुरा से किया गया। ब्रह्म मुहूर्त की मंगल बेला में यजमान कालूराम प्रवीण कुमार ने परिवार सहित ठाकुर जी की आरती कर व सभी श्रद्धालुओं को चंदन तिलक लगाकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। ढोल मृदंग की धुन व राधे राध्धे के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु नाचते गाते संकीर्तन रथ के साथ चल रहे थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो नारनौल की गलियों में स्वयं राधारानी के भक्त ब्रज की छटा बिखेर रहे हो। बच्चे, युवा, बुजुर्ग व महिलाएं सभी हाथों में निशान लेकर भक्ति में सराबोर हो उठे और प्रभु से पूरे शहरवासियों के सुख समृद्धि व मंगल की प्रार्थना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005